## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 07.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

- नागर विमानन मंत्रालय ने विमानन कंपनी इंडिगो को सभी रिफंड शीघ्र वापस करने के निर्देश दिए, यात्रियों की सुविधा के लिए रांची रेल मंडल ट्रेनों में जोड़ रहा है अतिरिक्त कोच।
- पंचायती राज विभाग ने पेसा नियमावली के ड्राफ्ट को मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री के पास भेजा, कल होने वाली कैबिनेट की बैठक में लाया जा सकता है प्रस्ताव।
- हजारीबाग में हुए वन भूमि घोटाले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी ने कार्रवाई करते हुए आठ लोगो को किया गिरफ्तार।
- बर्फीली हवाओ से झारखंड के कई जिले शीतलहर की चपेट में, मौसम विभाग ने 10 जिलों में जारी किया यलो अलर्ट।
- अहमदाबाद में खेले जा रहे सैयद मुस्ताक अली ट्रॉफी में झारखंड ने तमिलनाडु को 28 रन से हराकर टूर्नामेंट में अपनी लगातार छठी जीत दर्ज की।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत वर्तमान में दुनिया के लिए उच्च विकास और निम्न मुद्रास्फीति का एक मॉडल है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि वर्तमान वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद दर में वृद्धि देश की बढ़ती प्रगति का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक संख्या नहीं, बल्कि एक मजबूत विशाल आर्थिक प्रतीक है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास के रूप में भारत की स्थिति दर्शाता है।

******************

नागर विमानन महानिदेशालय–डीजीसीए ने इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एल्बर्स और एकाउंटेबल मैनेजर इसीड्रो पोर्क्यूरस को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और बड़े पैमाने पर उड़ाने रद्द होने को लेकर 24 घण्टे के अंदर जवाब देने को कहा है। केन्द्र ने यात्रियों की परेशानी कम करने के लिए सख्त किराया सीमा लागू कर दिया है और कंपनी को तत्काल रिफंड करने का निर्देश दिया है।

इधर रांची से कल इंडियो की सात फ्लाइट रद्द कर कर दी गई। देश के विभिन्न राज्यों से आने वाली आधा दर्जन से अधिक फ्लाइट के समय में बदलाव किया गया। यात्रियों की परेशानी को देखते हुए रांची रेल मंडल ने ट्रेनो में अतिरिक्त कोच लगाना शुरू कर दिया है।

******************

पंचायती राज विभाग ने पेसा नियमावली के ड्राफ्ट को मुख्यमंत्री के पास भेज दिया है। मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद प्रस्ताव को कल होने वाली कैबिनेट की बैठक में स्वीकृति के लिए रखा जा सकता है। झारखंड उच्च न्यायालय पेसा नियमावली जल्द से जल्द लागू करने का निर्देश राज्य सरकार को पूर्व में दे चुका है। कैबिनेट की बैठक कल दो बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रीपरिषद कक्ष में रखी गई है।

******************

हजारीबाग में हुए वन भूमि घोटाले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कार्रवाई करते हुए आठ लोगो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी को एसीबी ने लंबी पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एसीबी ने जिन्हें गिरफ्तार किया उनमें बकसपुरा निवासी हाजी कलन, शिवपुरी निवासी जय प्रकाश यादव , मुकुंदगंज के रहने वाला प्रेम साव, मुकुंदगंज राहुल हार्डकवेयर निवासी इंद्र साव, बभनवै का रहने वाला शशि शेखर संजय, मुकुंदगंज निवासी सत्यनारायण साव और छत्रु प्रजापति शामिल है। इससे पहले एसीबी इस मामले में आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे, उनके करीबी कारोबारी विनय सिंह और अंचल अधिकारी शैलेश कुमार को गिरफ्तार कर चुका है। जो वर्तमान में जेल में है।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

******************

जिले के कुचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत लोप्सो गांव के घने जंगलों में चल रही अवैध नकली शराब की एक बड़ी फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीपीओ समीर कुमार सवैया के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने जंगल में चल रहे इस अवैध कारोबार को ध्वस्त कर दिया।

******************

बर्फीली हवाओ से झारखंड के कई जिले शीतलहर की चपेट में है। रांची सहित राज्य के 11 जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार पिछले 24 घंटे में राज्य में सबसे ठंडा क्षेत्र गुमला रहा। गुमला का न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री सेल्सियस गिरकर 3 डिग्री पर पहुंच गया। वहीं, रांची के मैक्लुस्कीगंज का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस और कांके का न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज को रांची सहित राज्य के 10 जिलों रांची, रामगढ़, खूंटी, बोकारो, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, पलामू, गढ़वा में शीतलहर का यलो अलर्ट जारी किया है।

******************

भारत ने दक्षिण अफ्रीका से तीन मैचों की एकदिवसीय क्रिकेट श्रंखला 2–1 से जीत ली है। विशाखापट्टणम में तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 271 रन का लक्ष्य भारत ने 39 ओवर और पांच गेंद में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। एकदिवसीय सीरिज का पहला मैच रांची के जेएससीए स्टेडियम में खेला गया था, जिसमें भारत ने जीत हासिल की थी।

******************

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम ग्राउंड में खेले जा रहे सैयद मुस्ताक अली ट्रॉफी में झारखंड ने तमिलनाडु को 28 रन से हराकर टूर्नामेंट में अपनी लगातार छठी जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए झारखंड ने 20 ओवरों में 3 विकेट खोकर 207 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी तमिलनाडु की टीम 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 179 रन ही बना पाई। कुमार कुशाग्र को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

******************

हजारीबाग के कलाकार अपने शानदार अभिनय के जरिए फिल्मों में लोहा मनवा रहे हैं।

******************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों न पांचवे दिन इंडिगो की उड़ाने रद्द और यात्रियों की परेशानी की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

दैनिक भास्कर लिखता है–सरकारी दावा किराये की सीमा तय की, हकीकत...ढाई सौ किलोमीटर का फेयर 44 हजार।

प्रभात खबर की सुर्खी है–देवघर में जेपी नड्डा बोले बांग्लादेशी घुसपैठिये कर रहे आदिवासी भूमि पर कब्जा, यहां शादी कर हथिया रहे है जमीन।

हिंदुस्तान ने लिखा है–प्रधानमंत्री ने कहा विश्व में मंदी, भारत में विकास।

और दैनिक जागरण के शब्द है–डिस्चार्ज पिटिशन में हेमंत का दावा, ईडी के पास मुकदमा चलाने के नहीं है सबूत।

********************